# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024






मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...

## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है। क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।



**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप

डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।



**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।

**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे

केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'


'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

**- गोविंद भारद्वाज**



## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।





प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

**-शीला श्रीवास्तव**

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिका:** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादक:** संजय कुमार गर्ग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** हिंदी अकादमी, दिल्ली

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024



13 गोष्ठी में दिया नव युग निर्माण का संदेश





14 आदिवासी समाज है संघर्षशील, दहेजा...











## खबर संक्षेप

### तुमगांव में शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति

**महासमुंद।** गायत्री प्रज्ञापीठ तुमगांव में शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ युग गायन एवं मां गायत्री की पूजा, यज्ञ, हवन से हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष मीना शर्मा उपस्थिति रही। सैकड़ों की संख्या में परिजनों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई। यज्ञ का संचालन पंचराम ध्रुव ने किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन धुरुराम साहू, किशन लाल साहू, डॉ केआर ठाकुर, पंचराम निषाद, पंथराम साहू, मनीष निषाद, प्रहलाद साहू, मुकेश, मोंटू, महावीर निर्मलकर, पत्रिका साहू, सुखीराम सिन्हा आदि उपस्थित थे। अंत में खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया गया। यह जानकारी पंथराम साहू ने दी।

### अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण संस्थान में आत्महत्या रोकथाम पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण संस्थान में आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यशाला डॉ पी कुंदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम एवं डॉ सीपी चंद्राकर मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण गया। आत्महत्या के वार्निंग साइन को कैसे पहचाने इससे रूबरू कराया गया। अग्निवीर प्रशिक्षण के दौरान जीवन में आने वाले तनाव व उनके उपचार, दैनिक दिनचर्या में बदलाव, रुकावटें को भी चर्चा की गई। मानसिक तनाव को कम करने के विधि बताया गया, गेम के माध्यम से तनाव को कम करने उपाय बताया गय। लगभग 35 अग्निवर प्रशिक्षण कर्ता उपस्थिति हुए। भूतपूर्व सैन्य संगठन के युवराज चंद्राकर, प्रदीप, विकास ढीढी, रिंकू विद्या, मोनिका, हीना, भावना, सागर, चंद्रशेखर, खेमन, रामेश्वर, हिमांशु, सत्तू, योगिता जमुना ने प्रशिक्षण लिया। शासकीय महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक में प्रतिदिन सप्ताह में दो दिवस ओपीडी, प्रतिदिन मनोसामाजिक परामर्श ब्लॉक स्तर पर प्रति सोमवार को शिविर आयोजित किया जाता है।

### बिरकोनी स्कूल में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में नशामुक्त भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर नशे से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, टीबी, टयूमर, फेफड़ों में संक्रमण, लकवा आदि पारिवारिक कलह, आपसी लड़ाई झगड़ों, वाद विवाद के बारे में बताया गया। व्याख्याता श्रवण सिन्हा ने बताया कि गांव-गांव में महिलाओं की समिति बनी हैं, जो रोज एक निश्चित समय में डंडे लेकर निकलते हैं और ऐसे व्यक्ति को दंडित करते है जो किसी भी प्रकार का नशा करते पाए जाते है। व्याख्याता मनहरन लाल भट्ट ने बताया कि महिलाएं गुड़ाखू, शराब, तंबाखू का सेवन करती है जो पारिवारिक कलह और बीमारियों को जन्म देती है।

## सेमिनार : जिला अभिभाषक संघ के सेमिनार में शामिल हुए न्यायाधीशगण

# एआई के कई दुष्परिणाम तो कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं : न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला अभिभाषक संघ बलौदाबाजार द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानून नैतिकता, दायित्व और विनियम विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में हुआ। न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कहा एआई के कई दुष्परिणाम हैं तो कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं, निजी जानकारी वाले डेटा चुराए जा रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जितना अधिक डेटा फीड करेंगे उतना अधिक जानकारी आएगी, लेकिन यह कुछ क्षेत्र में खराब है, क्योंकि अभी एआई के लिए भारत में कोई कानून नहीं है। नीति आयोग ने कुछ नियम बनाए जरूर हैं, लेकिन वह काफी नहीं है, न ही आईटी एक्ट में इसके लिए कोई सख्त व्यवस्था है। कुछ दिनों पहले उन्हें सीबीआई का फोन (फर्जी कॉल) आया

▶▶ शेष पेज 13 पर

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानून नैतिकता, दायित्व और विनियम विषय पर आयोजित किया गया सेमिनार**



### न्यायमूर्ति ने अपने अनुभव सजा किए

न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने कहा कि बलौदाबाजार का मेरे जीवन में विशिष्ट स्थान है। पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अधिवक्तागणों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया था। यहां आना एक सुखद अनुभव है। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि जिला अभिभाषक संघ प्रतिवर्ष एक विषय को लेकर सेमिनार का गरिमामय आयोजन करते हैं। सेमिनार में उपस्थित अधिवक्ता रितिका साहू एवं देवाशीष तिवारी ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इस विषय के सदुपयोग से न्याय प्रक्रिया में कैसे लाभ लिया जा सकता है और क्या इसके दुरुपयोग से होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी।

### साइबर फ्रॉड की दी जानकारी

उन्होंने कहा कि कोर्ट कचहरी और जज वकील इस तरह के मामले को बड़ी आसानी से संभाल लेते हैं। लेकिन आम आदमी इससे घबरा जाता है, इसलिए जहां भी आपका मोबाइल नंबर दर्ज किया जा रहा है, वहां से आपका डेटा बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंसान को ईश्वर ने बनाया है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को इंसान ने बनाया है। साइबर फ्रॉड करने वालों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नाम पर वसूली कर ली जा रही है, उनके नामों पर पैसे मांग लिए जा रहे हैं, ऐसे में सावधान रहने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने पर ही खुद को डीप फेक से बचा सकते हैं।

### अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

सेमिनार में वक्ता के रूप वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश तिवारी, देवाशीष तिवारी, रीतिका साहू ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संघ के संरक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर एवं अभिनंदन पत्र का वाचन एवं कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव गणेश शंकर ने किया। आभार प्रदर्शन मोहम्मद शारिक खान ने किया। न्यायमूर्तिगण को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पीएम आवास स्वीकृत

# जिले के प्रभारी मंत्री ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत एक दिवसीय आवास मेला का आयोजन शनिवार को हुआ। नगर के आउटडोर स्टेडियम में प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 21290 हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन किया गया तथा आवास पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इसके साथ ही 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। 4 लखपति दीदियों, 8 महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं हम होंगे कामयाब अंतर्गत प्रशिक्षित राज मिस्त्रियों का

▶▶ शेष पेज 13 पर

- 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई

### जनहितैषी कार्यों से खुशहाल हो रहे आमजन : टंकराम

राजस्व मंत्री ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है। जिले को एक बार में अब तक का सर्वाधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है और एक साथ भूमिपूजन किया गया है। हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान के लिए लगातार काम कर रही है। समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार के जनहितैषी कार्यों से छत्तीसगढ़ खुशहाल और समृद्ध हो रही है। कार्यक्रम को सांसद जांजगीर–चाम्पा कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

# 40 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस ने अवैध रूप से बिक्री करने के लिए मोटरसाइकिल के माध्यम से शराब ले जाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस थाना सिटी कोतवाली द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ लगातार जारी है। शुक्रवार को थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम बिटकुली चौक के पास घेराबंदी कर, अवैध रूप से बिक्री करने के लिए



मोटरसाइकिल में शराब ले जाते हुए दीपक जांगडे 22 साल

▶▶ शेष पेज 13 पर

# झांकी में सिद्धि विनायक प्रथम एक लाख का मिला पुरस्कार

**खरोरा।** प्रयास युवा मंच द्वारा शुक्रवार को झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में रायपुर के अधिकारियों को निर्णायक दल के रूप में जवाबदारी सौंपी गई थी। निर्णायक दल के फैसले के बाद जनपद पंचायत तिल्दा के पूर्व अध्यक्ष व प्रयास युवा मंच संरक्षक वेदराम मनहरे के मुख्य अतिथ्य में नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा अनिल सोनी के अध्यक्षता में सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1 लाख नगद व शिल्ड वेदराम मनहरे के सौजन्य से दिया गया। युवा शक्ती गणेशोत्सव समिति अस्पताल परिसर को द्वितीय 1 लाख



▶▶ शेष पेज 13 पर

# भटगांव की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखण्ड में आयोजित महिला खेलकूद प्रतियोगिता शहीद वीरनारायण सिंह महाविद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को खेल के माध्यम से सशक्त करना और उनकी खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कबड्डी, व्हालीबॉल, दौड़, खो–खो और लंबी कूद, तवा फेंक, कुश्ती, बैजमेंटन, रस्सा–कस्सी, हॉकी जैसी लोकप्रिय खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर

▶▶ शेष पेज 13 पर



### खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक प्रधान तथा विशिष्ट अतिथि गोविन्द अजय खेल प्रभारी एवं राजकुमार जांगड़े उपस्थित थे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसमें कबड्डी में ग्राम भटगांव की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि व्हालीबॉल में बिलाईगढ़ की टीम विजेता बनी। बैडमेंटन में राखी साहू, तवा फेंक में अनुग्रह, कुश्ती में तारणी, दौड़ में कुसुम सोनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सा–कस्सी में दाऊबन्धान, फुटबॉल में पवनी, हॉकी में खम्हरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कलेक्टर ने समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्सों पर जतायी नाराजगी

# चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स होंगे ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के लिए चावल उपार्जन की समीक्षा कलेक्टर दीपक सोनी ने की। उन्होंने तय समय पर मिलरों द्वारा एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने में सुस्ती बरतने पर खेद व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों पर ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

- 31 अक्टूबर तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं करने वाले मिलरो पर होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने कहा कि अगले माह से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो रही है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सुचारु रुप से सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि मिलरों द्वारा एफसीआई और नान में निर्धारित मात्रा में समय सीमा पर चावल जमा कराना आवश्यक है। जिन मिलरों द्वारा चावल जमा करने में रुचि नहीं ली जा रही है उसके कारणों का पता कर निराकरण करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी–कर्मचारी सतर्कता व तत्परता से दायित्व का निर्वहन करें, किसी प्रकार के अनैतिक कार्य में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में नागरिक आपूर्ति निगम में जिले के 79 मिलरों को जारी डीओ का अनुपातिक चावल 142543 मेट्रिक टन जमा करना है, जिसमें से अब तक 124836 मेट्रिक टन चावल जमा किया गया है। 6 मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम चावल जमा कराया है, जिसमें जे डी एग्रो इंडस्ट्रीज, यश मॉडर्न फूड प्रोडक्ट, जे बी राइस मिल, अमित फूड्स, आदित्य राइस इंडस्ट्रीज एवं प्रमोद चावल उद्योग शामिल हैं।



### 8 मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम जमा कराया है चावल

इसी प्रकार एफसीआई में 84 मिलरों को जारी डीओ का अनुपातिक चावल 219472 मेट्रिक टन जमा करना है जिसमें से अब तक 150846 मेट्रिक टन चावल जमा किया गया है। 8 मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम चावल जमा कराया है, जिसमें जे.डी. एग्रो इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी ट्रेडर्स, श्री बालाजी राइस मिल, जयराम राइस मिल, श्री कृष्णा राइस मिल, आशा राइस मिल, श्री राम एग्रो इंडस्ट्रीज एवं सेठ बंशीधर केडिया चावल शामिल हैं।

# डेम से पानी देना बंद करें सरकार खराब हो रही धान फसल

**खरोरा।** डेम द्वारा पानी छोड़े जाने को लेकर किसान नेता व जनपद पंचायत तिल्दा के पूर्व अध्यक्ष वेदराम मनहरे ने चिंता व्यक्त करते हुए खड़ी फसल खराब होने की बात को लेकर डेम से पानी सप्लाई बंद करने की अपील सरकार से की है। जानकारी अनुसार डेम से पानी फसल के लिए छोड़ा गया है, लेकिन समय पर पर्याप्त पानी मिलने से फसल पक कर तैयार हो चुकी है। अभी डेम से लगातार पानी मिलने से किसान परेशान है, जिसे लेकर किसान नेता वेदराम मनहरे ने खड़ी फसल खराब होने का हवाला देते डेम से पानी तुरंत बंद करने की अपील सरकार की है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाई शरद पूर्णिमा

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच की पदाधिकारियों ने रायपुरा स्थित शिखा सदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर-पूरी व अन्य लजीज व्यंजनों के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया। आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने व्यक्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मिणी पांडे शामिल रहीं।

### राजधानी ड्रायक्लीनर्स को उत्कृष्ट पुरस्कार



**रायपुर।** सफल लॉन्ड्री संचालन के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के इन्फेक्शन कंट्रोल बोर्ड ने राजधानी ड्रायक्लीनर्स संस्थान को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया है, जिसे संचालक सूरज निर्मलकर ने ग्रहण किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मेडिसिन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव लोचन खरे, अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के निर्देशन में प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक मुखिया देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवाराम देवांगन, धोबी समाज के प्रदेश सचिव पीसी निर्मलकर को भी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को अस्पताल संचालन में सहयोग देने के लिए और जागृत करने के लिए सम्मानित किया गया।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष से चैंबर अध्यक्ष ने की भेंट



**रायपुर।** चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण, एमएसएमई उद्योग, वित्तीय सेवाओं एवं व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के संबंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करने तथा एमएसएमई उद्योगों के सुदृढ़ीकरण, वित्तीय सेवाओं, लेखाकर्म के छात्रों को व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए व्यापारियों द्वारा दिए सुझावों को प्रमुख रूप से चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

# अपराध नियंत्रण के लिए हो सख्ती, साइबर अपराध रोकने दिखाएं तत्परता-सीएम

## मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के कामकाज की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखनी चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्नी रहे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में पुलिस को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। श्री साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें।

**सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं**



### दुकानें, होटल निर्धारित समय पर बंद होने चाहिए

रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन,अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इस धनतेरस सोना 80 हजारी सालभर में 17 हजार बढ़े दाम

**चांदी एक लाख की राह पर, अभी कीमत 95 हजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार सोना अब 80 हजारी हो गया है। इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 17 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें, तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था। यानी दो साल में कीमत में 30 हजार का इजाफा हुआ है।

इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। अभी चांदी एक लाख तक तो नहीं पहुंच सकी है, लेकिन संभावना है कि धनतेरस तक यह एक लाख के आसपास पहुंच जाएगी। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब दो साल में सोने की कीमत 30 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 80 हजार हो गया है। यानी कीमत में 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 80 हजार हो गई है। यानी दस माह में कीमत 15 हजार रुपए बढ़ी है।



### चांदी की कीमत एक लाख जाने की संभावना

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो इस समय 95 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और कीमत बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। लेकिन वापस अब कीमत बढ़ते-बढ़ते 95 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक लाख तक जा सकती है।

### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

# बूथों पर फोकस करके रायपुर दक्षिण में जीत की कांग्रेस की रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। शुक्रवार को राजीव भवन में हुई बैठक में बूथों पर फोकस करके जीत की रणनीति बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी जरिता लेफतलांग, एआईसीसी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में दक्षिण विधानसभा के चुनाव के संबंध में दो महत्वपूर्ण बैठक ली। पहली बैठक बूथ कमेटियों के प्रभारियों की तथा दूसरी बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं की हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा में बदलाव की हवा चल रही है। यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए अवसर है। हम सबको मिलकर इस बार दक्षिण विधानसभा के कांग्रेस को विजयी बनाना है। 20 अक्टूबर को दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है। हमे एक-एक बूथ में पूरी ताकत से भिड़ना है। भाजपा सरकार की 11 माह की नाकामी इस चुनाव में हमारा सबसे बड़ा मुद्दा है। हमें पूरी एक जुटता से चुनाव लड़ना है और जीतना है। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, महापौर एजाज ढेबर, पारस चोपड़ा, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## दक्षिण विधानसभा में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम 14 नवंबर तक स्थगित

**रायपुर।** राजधानी के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 19 वार्डों में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन करने संबंधी निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को जिला प्रशासन ने 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा-51 में 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है। इसकी प्रक्रिया शुक्रवार को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई है। उपचुनाव के दौरान मतदाताओं में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।इसे देखते हुए प्रशासन ने आयोग की सहमति से विधानसभा 51 अंतर्गत आने वाले वार्डों में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। इस विधानसभा क्षेत्र में 19 वार्ड आते हैं, जिनमें वार्ड संख्या 42 से लेकर 47 तक तथा 56 से लेकर 68 नंबर तक वार्ड शामिल है। इसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र में पुनः निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। नामावली का 18 से 22 नवंबर तक पुनः दावा आपत्ति मंगाकर कर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 दिसंबर को होना है।

# भूपेश बोले- प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार हो रही खराब, सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। कल ही राजधानी रायपुर में 20 लाख की लूट हो गई। आज 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया। भानुप्रतापपुर में तो एक बेरोजगार भाजयुमो नेता के पास उसकी कार में करोड़ों रुपए दिखाई दे रहे हैं। वह कहता है रिश्तेदार का पैसा है, कहीं वो रिश्तेदार किसी मंत्री के यहां पदस्थ तो नहीं है। लगातार सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। हत्या, बलात्कार, लूटपाट, चोरी रोजाना हो रही है। मुख्यमंत्री आज समीक्षा बैठक ले रहे हैं। गृहमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए। श्री बघेल ने कहा, गृहमंत्री अपराध रोकने में असफल रहे। प्रदेश में सरकार में कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। 10 महीने हो गए, जो काम चल रहे थे वो भी रुक गए हैं। सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, सरकार हजारों करोड़ का कर्जा ले चुकी है। श्री बघेल ने कहा कि अभी धान खरीदी सामने है, जब भाजपा विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदी करने के लिए बोला करती थी। अब जब भाजपा खुद सरकार में आ गई है, तो धान खरीदी लेट से क्यों कर रही है। पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया, उसके कारण किसानों की स्थिति में अच्छा परिवर्तन आया और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। खेत बनाने से लेकर सिंचाई और आधुनिक खेती का काम हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस के कारण किसानों के जीवन में समृद्धि आई है। यह सरकार 14 नवंबर को धान खरीदी करेगी और 31 जनवरी तक धान खरीदी करेगी। इससे सरकार के नीयत में शक हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार धान खरीदना चाह रही है कि नहीं। इन खरीदी के दौरान लगभग 35 दिनों का सरकारी अवकाश रहेगा। इससे धान खरीदने में परेशानी आएगी। धान खरीदने के लिए सरकार को कम समय मिलेगा।

### सरकार चलाने में नाकाम

श्री बघेल ने कहा, साय सरकार, सरकार चलाने में असमर्थ है। चाहे राजधानी हो, न्याय धानी हो, संस्कारधानी हो, अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली और घटनाओं में लगाम लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सरकार खुद मान रही है कि वह अपराध को नियंत्रण नहीं कर पा रही है। गलती को सुधार नहीं पा रही हैं। मंत्रियों का फोन बड़े पुलिस अफसरों के पास आ जाता है तो पुलिस वाले भी क्या करेंगे। अभी की स्थिति यही है। विधायक ईश्वर साहू के बेटे के खिलाफ एफआईआर कराने में बहुत समय लग गया। वहां तो फोन चले गया तो फिर एफआईआर कहां होगी।

## युवा संगम में शामिल होने पंजीयन की अंतिम तिथि 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा मंत्रालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत लांच किए गए देश के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा संगम' में पंजीकरण कराने के लिए सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं। 21 अक्टूबर तक ही पंजीकरण स्वीकार किए जाएंगे। इसमें 18 से 30 वर्ष तक आयुवर्ग के युवा पेशेवर और विद्यार्थी, जिनमें ऑफ-कैम्पस विद्यार्थी भी शामिल हैं, जो ऑनलाइन/दूरस्थ पाठ्यक्रमों में, कौशल संस्थानों में दाखिला लेते हैं, पंजीकरण हेतु आमंत्रित हैं। देशभर के हजारों युवाओं को अपने राज्य/ केन्द्रीय शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है। यह युवा संगम का पांचवा चरण है। ऑफ-कैम्पस विद्यार्थियों भी पंजीकरण करा सकते हैं, जिन्होंने ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थान आदि में दाखिला लिया है। विद्यार्थियों एवं युवा पेशेवरों के लिए यह बहुत उत्साहजनक अवसर है।

# राजीव वोरा ने कहा- पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो मजबूती से लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के दावेदारों में शामिल राजीव वोरा ने अब एक तरफ जहां अपनी दावेदारी से इनकार किया है, वहीं उनका कहना है, अगर पार्टी उनको प्रत्याशी बनाती है, तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना है, कांग्रेस में किसी भी तरह की दावेदारी की जरूरत नहीं पड़ती है, तो फिर दावेदारी काहे की। पार्टी खुद से ही योग्य प्रत्याशी को टिकट देने का काम करती है।

- कांग्रेस में दावेदारी की जरूरत ही नहीं, योग्य प्रत्याशी को ही टिकट देगी पार्टी

रायपुर दक्षिण से अब तक भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ही जीतते रहे हैं। अब उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है। इस पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस बार कांग्रेस में टिकट के लिए थोक में दावेदार हैं। कांग्रेस नेता और इस सीट से मजबूत दावेदार माने जा रहे राजीव वोरा ने अपनी तरफ से जरूर दावेदारी से इनकार किया है लेकिन साथ ही वे कहते हैं कि पार्टी अगर चाहेगी तो वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। श्री वोरा ने कहा कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के लिए पारदर्शी और लोकतांत्रिक सिस्टम है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और पीसीसी चीफ दीपक बैज के रहते किसी को दावेदारी की जरूरत नहीं है। पार्टी जीत की क्षमता वाले योग्य प्रत्याशी को टिकट देगी। रायपुर दक्षिण में कांग्रेस की संभावनाओं को लेकर राजीव वोरा ने कहा, पार्टी ने काफी पहले से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा के सभी 254 बूथों तक कार्यकर्ता पहुंच चुके हैं। सभी वार्डों के लिए प्रभारियों की तैनाती कर दी गई है। पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। खुद के चुनाव लड़ने को लेकर राजीव वोरा ने कहा, पार्टी अगर अवसर देगी तो पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से परेशान है। इसका असर चुनाव परिणामों पर दिखेगा, इस बार कांग्रेस की जीत होगी।



# पेड़ों की कटाई पर लगे रोक कंपनी के फर्जीवाड़े की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हसदेव अरण्य में परसा कोल ब्लॉक के विरोध में स्थानीय आदिवासी समुदाय ग्राम हरिहरपुर में पिछले ढाई सालों से आंदोलन चल रहा है। 16 अक्टूबर से ही परसा कोल ब्लॉक के साल्ही गांव के जंगलों की कटाई की सुगबुगाहट शुरू हो गई। शाम होते ही पुलिस बल भी आ गया। 17 अक्टूबर की सुबह से बड़ी तादाद में पुलिस बल के संरक्षण में जंगलों की कटाई शुरू हुई। इसे रोकने लोग प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इससे गंभीर लोगों को गंभर चोटें आईं। इनमें महिलाएं भी घायल हुई हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को छावनी बना दिया है और बेतरतीब हज़ारों पेड़ों की कटाई की जा रही है। राजधानी में आंदोलन से जुड़े संगठन के पदाधिकारी जनक लाल ठाकुर, बीवे रावटे, सुदेश टीकम ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान को कोयला पहुंचाने और अदानी का कारोबार बढ़ाने के लिए हसदेव जंगल में एक नई खदान, परसा कोयला खदान को जबरिया चलाने के लिए निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया जाना गलत है।

- आंदोलन करने वाले सभी संगठनों ने वार्ता में रखी बात



# दिनदहाड़े 20 लाख की लूट मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कमल विहार सेक्टर-15 में रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से 20 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। पुलिस को बदमाशों के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का क्लू नहीं मिला है। कमल विहार के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने की वजह से पुलिस को बदमाशों के बारे में सुराग तलाशने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब रीयल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर मनोज ध्रुव के साथ अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की थी। सुपरवाइजर द्वारा बाइक की डिक्की के ऊपर रखकर ले जा रहे नोटों से भरे बैग बदमाश लूट लिए थे। बैग लूटने के बाद बदमाशों ने मनोज को धक्का देकर गिरा दिया था। बाइक से गिरने की वजह से बदमाश किस दिशा में भागे, मनोज उन्हें देख नहीं पाया।

### रूट में लगे कैमरे की पड़ताल

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल तथा आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए हैं। बदमाशों द्वारा रेकी कर लूट करने की बात सामने आ रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मनोज के निवास बोरियाखुर्द से कमल विहार स्थित अपने ऑफिस आने-जाने के मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है। बदमाश किस बाइक में घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। मनोज इस संबंध में पुलिस को सही ढंग से नहीं बता पा रहा है। लूट की घटना में शामिल बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस की अलग-अलग टीमें पचपेड़ीनाका से लेकर संतोषी नगर, सेजबहार तक सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## आंबेडकर अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण सप्ताह

# अस्पताल को संक्रमण से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह का आयोजन शुक्रवार को आंबेडकर अस्पताल के टेलीमेडिसिन हाल में किया गया। इंफेक्शन कंट्रोल विभाग के डॉक्टरों एवं नर्सिंग टीम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समस्त नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न आईसीयू, वार्ड और ओपीडी में स्वच्छता बनाए रखने एवं संक्रमण प्रसार को रोकने की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया। मेडिसिन विभाग के डॉ. आरएल खरे ने इस दौरान कहा कि अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोकने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हैंड हाइजीन, एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप, वैक्सीनेशन, वातावरणीय स्वच्छता, पीपीई किट, नीति और नेतृत्व की प्रतिबद्धता और नये नवाचारों तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के जरिए अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है। सहायक नर्सिंग अधीक्षक डॉ. नंदा रंगारी ने बताया कि इंफेक्शन प्रिवेंशन की छोटी-छोटी आदतों के जरिए हम इन्फेक्शन को कंट्रोल कर सकते हैं। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में इंफेक्शन कंट्रोल विभाग कार्यरत है। इन्फेक्शन कंट्रोल नर्सेस के तौर पर सोनल तिवारी, निधि सिंह, स्वप्निल तिवारी, सोनाली सोना और प्रियंका लाल कार्यरत हैं।

इस आयोजन के दौरान माइक्रोबायोलॉजी की डॉ. रूपम गहलोत, डी. अश्लेश्म, ए. दास, मंजू बघेल, वीणा पूर्ति, डॉ. रीना राजपूत, फार्मासिस्ट हरिशंकर साहू समेत अस्पताल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा




**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष उधोराम वर्मा की अध्यक्षता में गांधी मैदान कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई जिसमें बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सहप्रभारी श्री जांगिड़ ने अपने संबोधन में कहा, पार्टी को समय दे सके, ऐसे व्यक्ति को पदाधिकारी बनाएं, जो कम से कम महीने में दो दिन अपनी उपस्थिति दे सके। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री दीपक दुबे, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुसर निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे, धनराज मध्यानी, कृपाराम निषाद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राधिका को नंदी पुरस्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 12 से 21 अक्टूबर तक चल रहे आयोजित



इंटरनेशनल कॉम्पीटिशन ऑफ डांस म्यूजिक एंड इंस्ट्रूमेंट-2024 नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवार्ड में रायपुर की 11 वर्षीय राधिका शर्मा को कथक के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नंदी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। राधिका 4 वर्ष की उम्र से ही गुरु संगीता कापसे से कथक की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, ओडिशा एवं उत्तरप्रदेश में कथक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं।

### गलतबयानी कर रहे बैज-भूपेश : डिप्टी सीएम

**रायपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री



विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बिरकोना और लोहरीडीह में आरोपियों को बचाने के आरोप लगाकर कवर्धा में घेराव की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, कितने आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी पार्टी के मुखिया होकर भी उन्हें यह नहीं मालूम कि बिरकोना वाले मामले में जांच होकर आरोपी जेल में है। अब अगर वे यह चाहते हैं कि आरोपियों को निकाल कर फांसी दे दी जाए तो कानून सम्मत कार्य ही हो सकते हैं वे सिर्फ अपनी राजनीति के लिए घेराव करने की चेतावनी दे रहे हैं। इस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि कचरू साहू के हत्यारे के कहने पर 165 लोगों को आरोपी बनाया गया है। यहां भी भूपेश बघेल गलतबयानी कर रहे हैं। इतने महत्वपूर्ण दायित्व में रहने वाले व्यक्तियों को ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि यह बात पूर्णत असत्य है।

# महामारी में काम नहीं आया प्लांट, अब गंभीर बीमारी के मरीजों को देगा ऑक्सीजन

## आयुष विवि के कोविड केयर में लगा था, डीके अस्पताल में होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना महामारी की तीसरी लहर के पहले आपात स्थिति से निपटने आयुष विवि में बनाए गए कोविड केयर सेंटर में लगाया गया प्लांट अब डीके अस्पताल के मरीजों को ऑक्सीजन देगा। आयुष विवि के प्लांट को डीके अस्पताल लाने की तैयारी चल रही है। डीके अस्पताल में अभी दो प्लांट मौजूद हैं, मगर उन्हें सिलेंडर का सहारा लेना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान संक्रमितों के इलाज के लिए विभिन्न स्थानों पर कोविड केयर सेंटर बनाए गए थे। दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने जान गंवाई थी। इसे ध्यान में रखते हुए तमाम कोविड केयर सेंटरों में प्लांट की स्थापना की गई थी, ताकि मरीजों को ऑक्सीजन के लिए तरसना नहीं पड़े। सौभाग्य से तीसरी लहर उतनी घातक नहीं हुई, फिर प्रदेश इस भयावह हालात से उबर गया था। उसी दौरान आयुष विश्वविद्यालय में ऑक्सीजन प्लांट के दो विंग स्थापित किए गए थे, जिनका अभी की स्थिति में कोई उपयोग नहीं हो रहा था। देखरेख के अभाव में यह प्लांट खराब होने की स्थिति में आने लगे थे। सूत्रों के अनुसार जल्दी ही प्लांट में तैयार होने वाला ऑक्सीजन डीके सहित अन्य सरकारी अस्पताल के मरीजों को ऑक्सीजन प्रदान करेगा। प्लांट को डीके अस्पताल कैंपस में शिफ्ट करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि सप्ताहभर के भीतर प्लांट को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी डीके अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट मौजूद हैं, जिसमें से एक पीएम केयर फंड से स्थापित किया गया था। सीजीएमएससी द्वारा उपयोग के लिए एनओसी नहीं ला पाने की वजह से इसका अब तक उपयोग शुरू नहीं किया जा सका है। दूसरा प्लांट अस्पताल का है, जो कोरोनाकाल से बिगड़ा पड़ा है और उसकी मरम्मत का काम चल रहा है।

### जिला अस्पताल में माना का प्लांट

जिला अस्पताल में माना सिविल अस्पताल में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट को कुछ साल पहले शिफ्ट किया गया था। जिला अस्पताल में कोविड केयर सेंटर बनाने का प्रस्ताव था, इसलिए वहां पहले से ही प्लांट स्थापित था, मगर बाद में सभी वार्डों तक ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए माना के प्लांट को लाकर पिछले हिस्से में शिफ्ट किया गया। यह प्लांट अभी क्रियाशील है, जिससे आवश्यक मरीजों को सांसें मिल रही हैं।




### कई उपकरण उपयोगहीन

उस दौरान आयुर्वेद अस्पताल में भी प्लांट लगाया गया था, जो अब तक उपयोग में नहीं आया है। प्लांट खड़े-खड़े खराब होने की स्थिति में आ गए हैं। शुरुआती दौर में इसे समय-समय पर एक्टिव कर देखा जाता था, मगर बाद में यह प्रक्रिया बंद कर दी गई। इसी तरह आयुर्वेद अस्पताल में बच्चों को कोरोना से बचाने के लिए बड़ी संख्या में वेंटिलेटर, वार्मर सहित अन्य उपकरण की व्यवस्था की गई थी, जो अब कबाड़ होने लगा है।

## मृतक के कमरे से सुसाइड नोट तथा अलग-अलग आठ प्रतियां मिलीं

# स्टील कारोबारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी सुसाइड नोट में प्रताड़ना को बताया वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में सरकारी टेंडर लेने वाले तथा युवा स्टील कारोबारी की गुरुवार को फांसी पर लटकती लाश मिली है। कारोबारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस को घटनास्थल के पास एक सुसाइड नोट मिला तथा अलग-अलग कमरे से सुसाइड नोट की आठ प्रति मिली है। सुसाइड नोट में एक पेन ड्राइव का जिक्र किया गया है, लेकिन पुलिस ने मौके पर किसी तरह का पेन ड्राइव मिलने की बात से इनकार किया है। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में एक आईपीएस अफसर की पत्नी तथा चार अन्य के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतक ने खुदकुशी की वजह लेन-देन को बताया है।

पुलिस के मुताबिक प्रतीक सैम्यूअल उर्फ सैम ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। प्रतीक गायत्री नगर में किराए के मकान में रहता था। प्रतीक पुलिस विभाग में अलग-अलग सामान की आपूर्ति करने का काम करता था। पुलिस के मुताबिक दो दिनों से कॉल रिसीव नहीं करने पर प्रतीक की महिला मित्र गुरुवार देर शाम घर पहुंची। घर पहुंचने पर प्रतीक की महिला मित्र ने देखा, घर अंदर से बंद है। इसके बाद प्रतीक की महिला मित्र ने अपने अन्य दोस्तों को इसकी जानकारी दी। प्रतीक की महिला मित्र तथा उसके अन्य दोस्तों ने धक्का देकर गेट खोला तथा घर के अंदर दाखिल हुए। उन लोगों ने देखा की प्रतीक की लाश कमरे में फांसी पर लटक रही है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को फंदे से नीचे उतारा और कमरे से सुसाइड नोट सहित अन्य जरूरी सामान जब्त कर अपने साथ ले गई।

### खास बातें

- एक आईपीएस की पत्नी सहित चार लोगों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप
- पुलिस को घटनास्थल के पास एक सुसाइड नोट मिला
- मौके पर पेन ड्राइव मिलने की बात से पुलिस ने किया इनकार



### कमरे से पेन ड्राइव टैबलेट गायब

सुसाइड नोट में प्रतीक ने एक पेन ड्राइव तथा टैबलेट का उल्लेख किया है। घटनास्थल की जांच करने पहुंची पुलिस ने पाया कि सुसाइड नोट में जिक्र पेन ड्राइव तथा टैबलेट गायब है। ऐसे में सवाल उठता है कि घटनास्थल के पास सुसाइड नोट बरामद हो सकता है, ऐसे में पेन ड्राइव तथा टैबलेट को किसने गायब किया होगा। पेन ड्राइव में प्रतीक ने अपनी जान लेने की कोशिश करने का वीडियो अपलोड होने की बात का उल्लेख किया है।

### प्रतीक ने सुसाइड नोट में यह लिखा

मेरा नाम प्रतीक सैम्यूल है, मैं अपनी लाइफ से तंग आ गया हूं। कुछ लोग हैं जो मुझे जीने नहीं दे रहे हैं। मुझे झूठे केस में फंसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सुसाइड करने का कारण ये लोग हैं। पार्थ घोष, अर्पित, मोनिका, पल्लवी। इन लोगों ने मुझसे 27 लाख रुपए लिए हैं और अब वापस देने से इनकार कर रहे हैं। मैं एफआईआर करवाने भी गया था, मगर मुझे गाली देकर भगा दिया गया। फिर मुझे जान से मारने की कोशिश की गई। इसकी वीडियो पेन ड्राइव में रखी है। अब मुझे अक्सर धमकी आ रही है। मुझे झूठे केस में फंसाने की बहुत कोशिश की जा रही है। बहुत से पुलिस वाले मुझे धमका रहे हैं कि रायपुर छोड़ कर चला जा। सरकारी काम दिलाने के नाम पर एडवांस लिया गया था। मुझे अब रायपुर में काम भी नहीं लेने दे रहे हैं। इस सुसाइड नोट की कापी मैं पीएचक्यू भी भेज रहा हूं और ह्यूमन राइट कमीशन को भी। पीएचक्यू भेजने का कारण है कि मेरे लेटर को गायब न कर पाएं।

# मरीज ने लगाया चिकित्सक पर मारपीट का आरोप प्रबंधन ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



इलाज के लिए एम्स में दाखिल हुए मरीज ने चिकित्सक पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस तरह की घटना से इनकार किया है। प्रबंधन का पक्ष है कि एनीस्थिसिया के प्रभाव के दौरान मरीज चिकित्सकीय स्टाफ से दुर्व्यवहार कर रहा था।

- एम्स की घटना, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

जानकारी के अनुसार बिलासपुर के मरीज की एम्स में सर्जरी हुई थी। आरोप है कि मरीज ने चिकित्सकीय लापरवाही की वजह से सिर में सूजन और दर्द होने की शिकायत की थी। इससे वार्ड में मौजूद डाक्टर नाराज हो गए और उन्होंने संबंधित मरीज को दो थप्पड़ जड़ दिया। मरीज की पत्नी ने जब इसका विरोध किया, तो उससे भी धक्का-मुक्की की गई। वार्ड के भीतर हो रही इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया था, जो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इस मामले में एम्स प्रबंधन द्वारा मामले की जांच के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। इधर प्रबंधन का इस मामले में कहना है कि मरीज पर एनीस्थिसिया का प्रभाव था और वह बार-बार उठकर भागने का प्रयास कर रहा था। डाक्टर के साथ उसने चिकित्सकीय स्टाफ और अन्य मरीजों के अटेंडर से दुर्व्यवहार किया था। एम्स के पीआरओ डॉ. मृत्युंजय राठौर का कहना है, कोई डाक्टर मरीजों को कैसे मार सकता है। मरीज की वजह से वार्ड में भर्ती अन्य लोगों को असहजता हो रही थी।

# गोष्ठी में दिया नव युग निर्माण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

गायत्री परिवार मुड़पार द्वारा ग्रामवासियों, विशेषकर बच्चों को संस्कारवान बनाने, नैतिक शिक्षा देने, पर्यावरण की रक्षा के महत्व को समझाने, सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ। कार्यक्रम में गौ माता की रक्षा के लिए गौ गीता गायत्री के महत्व को बताते हुए गौ पालन पर विशेष जोर दिया गया। इसके अंतर्गत उपस्थित लोगों को भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए संगीत के माध्यम से नव युग निर्माण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में




आसपास के कई गांवों जैसे सुहेला, नयापारा, जागड़ा, गोरदी, मूरा, बिटकुली आदि से भारी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजक अनिल वर्मा और समस्त ग्रामवासियों ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सभी को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजनकर्ता ग्रामीण एवं जोन प्रचारक अनिल वर्मा ने विचार क्रांति अभियान के तहत पूज्य गुरुदेव आचार्य की वाणी को जन-जन पहुंचाने के उद्देश्य से यह गोष्ठी रखने की जानकारी देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया।

# कुर्मी समाज पलारी राज का चुनाव परिणाम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज राज प्रधान एवं केन्द्रीय अध्यक्ष का चुनाव रविवार 20 अक्टूबर को सम्पन्न होगा। रविवार शाम तक मतगणना के बाद पलारी राज के राज प्रधान कौन होगा इसकी घोषणा की जाएगी। फिलहाल पलारी राजप्रधान चुनाव में दो उम्मीदवार होने के चलते कसमकश की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान राज प्रधान भूनेश्वरी तिलक वर्मा फिर से मैदान में है। उनका रामखिलावन वर्मा के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। वहीं चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

पलारी में तीन बुथ बनाये गए है, दो बुथ शहीद युगल किशोर वर्मा प्राथमिक विद्यालय एवं एक बुथ कन्या शाला हाईस्कूल में बना है, वहीं चुनावी तैयारी को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसके लिए पलारी राज



निर्वाचन समिति की बैठक कुर्मी सामुदायिक भवन पलारी में रखी गई थी। बैठक में सामाजिक चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने निर्वाचन प्रबंधन को अंतिम रूप दिया गया तथा सदस्यों को कार्य विभाजन कर दायित्व दिया गया। उक्त बैठक में केन्द्रीय निर्वाचन समिति सदस्य रामनारायण वर्मा, कार्यवाहक राजप्रधान, प्रभारी नरेंद्र वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी मंत्तराम वर्मा, दयालुराम वर्मा, मास्टर ट्रेनर संजू वर्मा, राजेश बल्लू वर्मा, हरिशंकर वर्मा, योगेश योगी वर्मा, केशरी वर्मा, युगलकिशोर विक्की वर्मा उपस्थित थे।

## महंत को ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको अब ओडिशा कांग्रेस का विवाद सुलझाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समन्वयक बनाया है। डॉ महंत ओडिशा कांग्रेस की लीडरशिप और उससे जुड़े मसलों की रिपोर्ट तैयार करेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से मिली इस जिम्मेदारी को लेकर डॉ. महंत ने आभार जताते हुए कहा, इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूर्ण करने का भरोसा दिलाता हूं। वे ओडिशा के मामले में मीनाक्षी नटराजन के साथ समन्वय करेंगे।

### अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में स्कूल के शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में मुख्य बिंदु पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार योजना शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाया जा सके। शैक्षणिक चर्चा शिक्षकों ने छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। शत प्रतिशत उपस्थिति बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर जोर दिया गया।

## पेज 11 के शेष

### एआई के कई ...

था, जिसमें उनके बेटे के बारे में पूछा गया, जबकि मेरा बेटा मेरे पास था।
इस सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति रजनी दुबे न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के अलावा जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे शामिल थे।

इसके पूर्व न्यायमूर्तिगण के आगमन पर जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्तागणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर जिलेभर के समस्त न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारी गण, पुलिस विभाग के आला अधिकारी सहित संघ के पदाधिकारी रमेश पटेल, नंदिनी वर्मा, सूर्य प्रकाश पुरैना, आरएस जॉन, मिथलेश ओझा, राजेंद्र पटेल, शिव नरेश मिश्रा, पालेश्वर साहू, ओंकार जायसवाल, सूमरीत ध्रुव, वरिष्ठ कनिष्ठ अधिवक्ता बलौदाबाजार, सिमगा, भाटापारा, पलारी, कसडोल उपस्थित थे।

### जिले के प्रभारी...

सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के पक्का मकान का सपना साकार करने का काम कर रही है। पहली कैबिनेट बैठक में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश में 18 लाख आवास की स्वीकृति पर मुहर लगाई।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के तहत सभी वायदे पूरे कर रही है। जिन हितग्राहियों को आवास स्वीकृत नहीं हुआ है उन्हें चिंता करने की जरुरत नहीं है। आवास प्लस एफ 2.0 के माध्यम से छूटे हुए हितग्राहियों को भी आवास स्वीकृत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में भी छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए वर्ष में एक बार सर्वे होगा। सर्वे के बाद पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। आवास निर्माण के लिए हितग्राही रेत घाट से ट्रैक्टर से निःशुल्क रेत ले जा सकते हैं।

### 40 लीटर महुआ...

निवासी ग्राम धनगांव को गिरफ्तार किया। आरोपी से 8000 कीमत मूल्य का कुल 40 लीटर अवैध महुआ शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 यू 5676 जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है।

### झांकी में सिद्धि ...

रुपए नगद व शिल्ड नगरपंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी द्वारा, केसला सिंगा दुरिया युवा प्रोत्साहन समिति को तृतीय स्थान आने पर 70 हजार नगद व शिल्ड प्रयास युवा मंच द्वारा दिया गया। वहीं झांकी प्रतियोगिता में शामिल सभी गणेशोत्सव समिति को 11 हजार नगद व शिल्ड दिया गया।

### भटगांव की टीम...

पर रामेश्वर प्रसाद अजय, पंचराम साहू, एसएस सबर, अंतराम कैवर्त, प्रहलाद कैवर्त, मनोहर साहू, राकेश यादव, यशपाल यादव, पूनम सिंह साहू, सुचित्र कैवर्त सहित विभिन्न अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## मिनी स्टील प्लांट के अशोक अध्यक्ष, मनीष महासचिव




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। चुनाव अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल एवं डॉ. मनीष मंडल ने आगामी वर्ष 2024-25 से 2026-27 के लिए निर्विरोध अशोक कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष एवं मनीष धुप्पड़ को महासचिव पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया। चुनाव अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव को पदाधिकारी एवं विभिन्न समितियों के गठन हेतु पूर्ण अधिकार दिया गया। जिसके उपरांत पदाधिकारियों का अपनी नई कार्यकारिणी की गठन किया। इसमें आईपीपी पूर्व अध्यक्ष विकास अग्रवाल को बनाया गया। उपाध्यक्ष सुरेश गोयल, पंकज अग्रवाल और मुकेश पांडेय। सहसचिव प्रदीप अग्रवाल और अरविन्द गोयनका। कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल बनाए गए हैं। अशोक अग्रवाल और मनीष धुप्पड़ ने कहा हमारी संस्था पूरे भारत एवं छत्तीसगढ़ राज्य के स्टील उद्योगों का प्रतिनिधित्व करती है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ के लौह उद्योग को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

## रावघाट खनन प्रभावित 52 गांव के लोगों ने मांगी सुविधा व सुरक्षा

**रायपुर।** रावघाट में लौह अयस्क का खनन और परिवहन के कारण कई तरह की अव्यवस्था की स्थिति है। भारी वाहनों की रफ्तार से जहां ग्रामीण आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं भी हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किए जाने से 52 गांव के लोगों का जीना दूभर हो गया है। यह जानकारी पत्रकारवार्ता में रावघाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमनाथ उसेंडी, संजू दर्रो और विजय ने दी। उन्होंने बताया कि मामले को जब राष्ट्रीय हरित अधिकरण की भोपाल पीठ में रावघाट संघर्ष समिति ने याचिका लगाई थी। इसमें तीन सितंबर को फैसला आने के बाद भी अभी तक सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सुरक्षा की सुविधा देने के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किया गया है।

## न्यायालय परिसर में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**रायपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रायपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में वकीलों के अलावा कोर्ट में आए लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर में जिला न्यायालय के न्यायधीशों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है, हेल्थ इज वेल्थ, वकील भागदौड़ भरे जीवन में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अपने स्वास्थ्य के साथ अन्याय न करें।

# आदिवासी समाज है संघर्षशील, दहेजा प्रथा के खिलाफ हो रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में मुरारी लाल ध्रुव तथा डॉ. बंसो नुरूति, एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना मेश्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत बस्तर नृत्य कर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। मंच के माध्यम से अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्या द्वारा सभी अतिथियों को पौधों के गमले भेंट कर किया गया।

- हस्त शिल्प, चित्रकला, भाषण, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, कवितापाठ प्रतियोगिता भी हुई

**कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम**



**हस्त शिल्प में प्रथम उदिता वर्मा**

महाविद्यालय ने विभिन्न आदिवासी थीम पर हस्त शिल्प, चित्रकला, भाषण, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, कवितापाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हस्त शिल्प में प्रथम उदिता वर्मा, चित्रकला में सतनाम सिंह, भाषण में सूरजदास, प्रश्नोत्तरी में यश कुमार, निबंध लेखन में वैशाली ताम्रकार, कविता में रतन दीप कौर प्रथम रही है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आदिवासी समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता डॉ बंसो नुरूति द्वारा आदिवासी समाज के संघर्ष एवं उत्थान पर प्रकाश डाला गया। मुरारी लाल ध्रुव द्वारा आदिवासी समाज में प्रचलित मान्यताओ, संस्कृति व समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ किया जा रहे सुधार पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के संयोजक सुश्री अर्चना कुजूर व सह संयोजक डॉ. अंकिता अंधारे थीं। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बीरु लाल बारगाह, स्वेता एक्का, अतिथि व्याख्याता, हरीश साहू, डॉ. ज्योत्स्ना मजूमदार, डॉ. आभा, डॉ. आकाश सोनी, गौतम प्रधान, सुश्री संगीता साहू, सुश्री सुषमा, ज्योति इंदौरिया, सुश्री पुनिता टंडन, डॉ. रंजीत, विक्रम साहू, शेष चंद्रवंशी, टिका राम, राहुल, तुमेन्द्र साहू व बड़ी संख्या में विभिन्न संकाय के विद्यार्थी उपस्तिथ थे।

# मृत्यु का समय व स्थान दोनों ही निश्चित है : पं. हिमांशु

**कथा श्रवण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं सांसद कमलेश जांगड़े**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल




नगर भवन मैदान कसडोल में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का वाचन करते हुए कथावाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने कहा, कि जो जन्म लिया है, उसकी मृत्यु का समय और स्थान निश्चित है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में सदैव पुण्य कार्य करते हुए ईश्वर की भक्ति, भजन एवं दिन हीनों की सहायता में लगे रहना चाहिए, क्योंकि मनुष्य को मृत्यु उपरांत मोक्ष सहजता से प्राप्त हो सके। अन्यथा कर्म अच्छा नहीं होने पर नर्क में भी जाने के लिए प्रेत योनि में भटकना पड़ता है।

कथा के दौरान कथावाचक ने कहा कि सुखदेव ने राजा परीक्षित के सिर पर जैसे ही हाथ रखे उसी वक्त राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हो गई थी। किन्तु मोक्ष प्राप्ति उपरांत भी राजा को 7 दिनों तक साधु संतों के सानिध्य में रखे रहा। क्योंकि मृत्यु के पूर्व ही राजा परीक्षित को प्राप्ति हो गई थी किन्तु विधि द्वारा नियत समय तक उनको मृत्यु लोक में रहना था।

अतः मनुष्य को मृत्यु का भय नहीं होना चाहिए क्योंकि मृत्यु तो निश्चित है केवल मानव को अपने कर्मों को अच्छे रखना चाहिए जिससे मृत्यु उपरांत सहजता से मोक्ष की प्राप्ति हो सके।

ज़लि‍ा पंचायत से सभापति नवीन मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज चौथे दिन कथा श्रवण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थय एवं जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जांजगीर-चाम्पा लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े ने श्रीमद्भागवत गीता का श्रवण पश्चात पंडित हिमांशु कृष्ण भारद्वाज से आशीर्वाद लेते हुए ईश्वर से प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना किये।आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आज विशेष रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ अजय राव,प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती श्याम बाई साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा महिला मोर्चा सरिता जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार सनम जांगड़े, बलौदाबाजार से पहुंचे अधिवक्ता संजय तिवारी, धीरज बाजपेयी भाजपा मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, महामंत्री भाजपा रामचन्द्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुदीप दास मानिकपुरी, पूर्व जनपद सदस्य जनपद पंचायत कसडोल राजेश थवाईत, दिलहरण जायसवाल नागेश्वर साहू अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, साहेब लाल साहू, प्रबुद्धजन, नगर एवं आस पास से आये सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किये।

# ग्राम धमनी में अखंड नवधा रामायण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड से 15 किलोमीटर पूर्व वन आच्छादित गांव धमनी के स्कूल पारा में समस्त ग्रामवासी द्वारा रामचरितमानस मानस आधारित अखंड रामायण समारोह का आयोजन 17 अक्टूबर से जारी है, 26 अक्टूबर तक अविरल गति से संगीत मय भजन प्रवचन का बिना रुके श्रीराम दरबार में कार्यक्रम जारी रहेगा। इसमें दूर दराज कि मानस मंडलियों द्वारा राम कथा का विस्तृत वाचन किया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल राममय हो गया है। वहीं आठ दिवस और रात्रि भोजन व्यवस्था इतवारी निषाद, मनोहर निषाद, सहेली महिला समुह, संत कुमार साहू, रिटायर्ड फौजी टीआर ध्रुव, अश्विनी निषाद, गोवर्धन निषाद एवं नवम दिवस में रामायण समिति स्कूल पारा धमनी द्वारा किया जाएगा। समिति के संचालक रामनारायण यादव एवं सह–संचालक राम किशन निर्मलकर, रवि पैकरा, सरंक्षक पीलाराम निर्मलकर, मिनेंद कुमार यादव, नरसिंह निषाद सहित द्रोण पटेल, रायसिंह पैकरा, कतुल पटेल, बहादुर सिंह पैकरा, द्वारिका निषाद, भीखम पैकरा, परमेश्वर निषाद आदि ने श्रोताओं को राम कथा के आनंद रस को ग्रहण कर जीवन को धन्य एवं सफल बनाने की अपील की है।



# सबरिया डेरा से 44 लीटर शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने 15 क्विंटल लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

_थानीय पुलिस अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने की मुखबिर सूचना पर निरीक्षक धीरेंद्र दुबे, सउनि गोकुल पटेल प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, अमीर राय, राजू लकड़ा, भवानी दुबे, राकेश पाटले, धनंजय देवांगन, रवि बंजारे एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर सबरिया डेरा बलौदा में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी भुनेश्वर 28 साल निवासी सबरिया डेरा बलौदा थाना गिधौरी को पकड़ा गया है। आरोपी से 8800 कीमत मूल्य का 44 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस टीम ने पत्थर्री डेरा टुण्डरा में दबिश दी, जिसमें भारी मात्र में महुवा शराब छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर संपूर्ण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, इसमें महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,05,000 कीमत मूल्य का 15 क्विंटल महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम ने मौके पर ही नष्ट किया।



प्रकरण में पकडे गए आरोपी भुनेश्वर के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## छात्रों ने मनायी महर्षि बाल्मीकि जयंती

**पलारी।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने महर्षि बाल्मीकि जयंती पर उन्हें याद किया। कक्षा 12वीं की छात्र मेनका साहू ने महर्षि बाल्मीकि का छाया चित्र बनाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने बताया की महर्षि बाल्मीकि पहले डाकू थे, बाद में नारद मुनि से ज्ञान मिला, तब से वे हिंसा व अपराध को छोड़कर राम राम जपे इस प्रकार संस्कृत में रामायण महाकाव्य की रचना किए। इस अवसर पर एमके वैष्णव, रेखा वर्मा, टी के साहू, रेणुका राकेश, डाकेश यदु, मुरली सोन केवरे, प्रदीप साहू छात्र संघ प्रमुख अरुण बांधे सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## चौक-चौराहों पर लगे आईटीएमएस के 8 सिग्नल और 12 कैमरे बंद

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विभिन्न चौराहों पर एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के अंतर्गत लगे 8 सिग्नल एवं 12 कैमरे बंद हैं। अधिकारी इन सिग्नल एवं कैमरों के बंद होने का कारण आवश्यक निर्माण कार्यों को बता रहे हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को बंद सिग्नल एवं कैमरों को जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दिए हैं। अविनाश मिश्रा ने शुक्रवार को शहर के चौराहों पर लगे रोड सिग्नल व कैमरों का प्रचालन दुरुस्त रखने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगर निगम के जोन अधिकारी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जलापूर्ति, सूचना प्रौद्योगिकी, अमृत मिशन के प्रभारी व एलएंडटी समूह के प्रतिनिधि शामिल थे। इस बैठक में शहर के चौराहों पर लगे सिग्नल और कैमरों में कितने चालू हैं और कितने बंद हैं।

# स्वस्थ रहने भोजन में प्रोटीन, विटामिन्स कैल्शियम व कार्बोहाइड्रेड की मात्रा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को पोषण के संदर्भ में बताया कि एक स्वस्थ्य व्यक्ति को प्रतिदिन 2000 कैलोरी की आवश्यकता होती है। यह कैलोरी हमें भोजन से मिलती है। हमें संतुलित भोजन करना चाहिए। संतुलित भोजन का अर्थ है कि हमें अपने प्रतिदिन के भोजन में प्रोटीन, विटामिन्स, कैल्शियम तथा कार्बोहाइड्रेड की मात्रा होनी चाहिए। पोषण की कमी से बच्चों में कुपोषण के दुष्प्रभाव दिखाने लगते हैं। जैसे–शरीर में जल्दी थकान एवं कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, प्रतिरोधक क्षमता कम होना, शुष्क त्वचा, दांत का टूटना, मसूड़े में सूजन एवं खून का बहना, उम्र और शरीर की लंबाई के सापेक्ष कम वजन का होना आदि। कुपोषण से बचाव के लिए हमें पत्तेदार हरी सब्जियां खाने में शामिल करना चाहिए। प्रतिदिन दाल खाना चाहिए। हमें जंक फूड से बचना चाहिए। समय–समय पर डॉक्टर के पास जा कर टीका लगवाना चाहिए।

- पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को दी गई पोषण की जानकारी



## खैरा विद्यालय में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**पलारी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विद्यार्थियों में सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने एवं आपसी प्रेम सद्भावना के विकास के लिए शासकीय प्राथमिक विद्यालय खैरा (रोहांसी) में संजना यादव ने अपने पुत्री कुमारी साधना यादव के जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज कराकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रधान पाठक पुरुषोत्तम यादव, सहा. शिक्षक दिलीप साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष केशराम ध्रुव, पुन्नी बाई, हेमलता ध्रुव, नंदनी ध्रुव, जामबाई, सत्या ध्रुव, रुखमनी, मिलापा ध्रुव, पम्पा बाई एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। स्वादिष्ट भोजन एवं मिष्ठान व फल प्राप्त कर छात्र–छात्राओं के चेहरे पर उमंग और उत्साह का वातावरण था। प्रधान पाठक ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सामाजिक सौहाद्र को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों में आपसी प्रेम भाव की भावना स्थापित करने के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समस्त विद्यालयीन सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अच्छे परिणाम लाने और अपनी प्रतिभा विकसित करने की दिशा में मेहनत करने का आह्वान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में 10 सेक्टरों की टीमों ने लिया**

# बास्केट बाल में दुर्ग स्टेट चैम्पियन, रायपुर उपचैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा




छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता शासकीय गजानन अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई। उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के 10 सेक्टरों ने भाग लिया तथा कुल 9 मैच खेले गए। सेमीफाइनल में सरगुजा, बलौदा बाजार, दुर्ग और रायपुर की टीम पहुंची। फाइनल दुर्ग तथा रायपुर टीम के बीच खेला गया, जिसमें दुर्ग की टीम विजयी तथा रायपुर की टीम उपविजेता रही। इन 10 सेक्टर से छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों जैसे पं. रविशंकर, अटल विवि, गहिरा गुरु विश्व विद्यालय सरगुजा, हेमचंद्र यादव विश्व विद्यालय दुर्ग तथा महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर हेतु टीम का चयन किया गया। इस आयोजन के लिए डॉ. नीता नायर पर्यवेक्षक तथा उमेश ठाकुर डॉ. जितेंद्र मिश्रा, शरद पंसारी, कमल वर्मा चयन समिति के सदस्य रहे। संस्था के क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र यादव, शुभम यदु क्रीडा सहायक, सहयोगी शुब्बू मानिकपुरी तथा संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज तथा महाविद्यालय में आयोजन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक यादव एवं कु. इंद्राणी मरकाम तथा एनएसएस वालंटियर तथा महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. शशिकिरण कुजूर, अशोक वर्मा, गुप्तेश्वर साहू, डॉ. नवनीत द्विवेदी, डॉ. सुमित पंट, रित्मभरा रेखा कश्यप ऑफिशियल स्टाफ शरद पंसारी, निर्मल और उनके सहयोगी महाविद्यालय के अतिथि व्याख्यता डॉ. मनीष कुमार, डॉ. दीपेश मिश्रा, हरिहर खंडे, प्राची अग्रवाल, डॉ. योगमाया उपाध्याय, डॉ. ईश्वर आनंद, राजू बरेट, हुमूक विश्वकर्मा, पूजा गुप्ता, विजय देवांगन, श्रुति शुक्ला एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में दुर्ग, रायपुर सेक्टर की टीम का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय के दो छात्रों का चयन पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के लिए किया गया है।

